योगदा सत्संग ने चलाया राहत अभियान

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

योगदा सत्संग शाखा मठ ने शनिवार और रविवार को निगम क्षेत्र से सटी हहाप पंचायत के सात गांवों लीबूडीह, हेसापीड़ी, सरवल, सपारोम, बुरुडीह और लदनापीड़ी में राहत अभियान चलाया. जिला परिषद सदस्य और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा चिह्नित राशनकार्ड विहीन और बेरोजगार 500 ग्रामीणों को जीवनोपयोगी सामग्री दी गयी. इसमें 1500 किलो चावल, 600 किलो दाल, 800 किलो आलू, 600 किलो प्याज, 250 लीटर सरसों तेल, 25 किलो हल्दी, एक हजार मास्क और नहाने व कपड़े धोने के दो हजार साबुन दिये गये.

इधर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के सौजन्य से प्रखंड के खिजरी, सिरखा टोली, पाहन टोली, नया टोली, करम टोली, डूमर टोली, तोरार, कोंजारी, कुटियातु, तुंबागुटु में जरूरतमंद लोगों के बीच अनाज का वितरण किया गया. योगदा सत्संग सोसायटी के डॉ जी एस महंत, बीडीओ देवदत्त पाठक, समाजसेवी पिंकी खोया, जिप सदस्य आरती कुजूर, मुखिया रामअवतार केरकेट्टा, समाजसेवी विमल घोष की उपस्थिति में 220 जरूरतमंदों को अनाज का वितरण किया गया. मौके पर अंजलि लकड़ा, पुष्पा देवी, कालंदी टोप्पो, जगरानी कुजूर, सुनीला कच्छप, पूनम खलखो, सरोज धान, संजय शर्मा आदि मौजूद थे.